an>

Title: Need to include ginger and onion in Pradhan Mantri Krishi Bima Yojana.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना प्रारम्भ की गई है, जिसमें विभिन्न प्रकार की फसलों यथा मक्का, बाजरी, कपास, मूंग एवं उड़द आदि को शामिल किया गया है, परन्तु अदरक और प्याज को छोड़ दिया गया है, जो अदरक और प्याज की खेती करने वाले किसानों के साथ अन्याय है।

मेरे संसदीय क्षेत्र जिला संभाजीनगर, औरंगाबाद, महाराष्ट्र के कन्नड़ ताल्लुका में ही लगभग 6 हजार एकड़ में अदरक और 5 हजार एकड़ में प्याज की खेती है और वैजापुर में भी 5 हजार एकड़ में प्याज की खेती है। प्रधानमंत्री कृषि बीमा में अदरक और प्याज की फसल को शामिल न किए जाने से महाराष्ट्र एवं देश के लाखों किसान प्रभावित होंगे।

अतः देश के कृषक हित को दृष्टिगत रखते हुए मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि अदरक और प्याज को प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना में शामिल करने के लिए कृषि विभाग अविलम्ब कदम उठाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री चन्द्रकांत खैरे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।